आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 15.01.2025
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नौ सेना के अग्रिम पंक्ति के तीन नए युद्धपोत राष्ट्र को समर्पित किए। कहा – भारत विकास की भावना के साथ काम करता है।
- प्रदेश में निकाय चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने जारी किया संकल्प पत्र।
- राज्य में निकाय चुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू होने बाद से अब तक 11 करोड़ से अधिक मूल्य की ड्रग्स और शराब जब्त की गई।
- पिथौरागढ़ स्पोर्ट्स स्टेडियम में ट्राईबल सब प्लान के अंतर्गत राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता शुरू।

प्रधानमंत्री नौसेना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत विस्तारवाद नहीं, बल्कि विकास की भावना से काम करता है। श्री मोदी ने आज मुंबई में नौसेना गोदी में तीन प्रमुख नौसैनिक युद्धपोतों आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरि और आईएनएस वाघशीर का लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने सदैव खुले, सुरक्षित, समावेशी और समृद्ध हिंद–प्रशांत क्षेत्र का समर्थन किया है।

थल सेना दिवस

77वां थल सेना दिवस आज गर्व और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने इस अवसर पर सैन्य कर्मियों और पूर्व सैनिकों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने में सेना की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि राष्ट्र मातृभूमि की सेवा में उनके द्वारा दिए गए बलिदान को कृतज्ञता के साथ याद करता है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सरकार विभिन्न सुधारों और आधुनिकीकरण पर ध्यान केंद्रित कर रही है तथा सशस्त्र बलों और उनके परिजनों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। अपने संदेश में जनरल चौहान ने कहा कि यह दिन भारतीय सेना के अटूट समर्पण और साहस का प्रतीक है।

भाजपा संकल्प पत्र

प्रदेश में नगर निकाय चुनावों के लिए आज भारतीय जनता पार्टी ने अपना संकल्प पत्र जारी किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में 11 नगर निगमों के लिए संकल्प पत्र जारी किया। पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि संकल्प पत्र में शहरों में कूड़ा प्रबंधन, स्मार्ट सिटी और ग्रीन सिटी क्षेत्रों के विकास पर जोर दिया गया है। साथ ही निकाय क्षेत्रों में रहने वाले सभी लोगों को अच्छी सुविधाएं दिलाने के उद्देश्य से संकल्प पत्र जारी किया गया है।

मतगणना रेंडमाइजेशन

पिथौरागढ़ में निकाय चुनाव की मतगणना के लिए 248 कार्मिकों का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया। राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के उपनिदेशक गौरव कुमार ने बताया कि चिन्हित किए गए कार्मिकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम 20 जनवरी को पीजी कॉलेज में संपन्न होगा। इसके बाद द्वितीय रेंडमाइजेशन में सभी कार्मिकों को मतगणना केंद्र वितरित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मतगणना के लिए नगर निगम पिथौरागढ़ में 14 टेबल लगाई जाएंगी, जबकि अन्य निकायों में 7–7 टेबल लगाई जाएंगी।

ड्रग्स और शराब जब्त
प्रदेश में निकाय चुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू होने के तीन सप्ताह के भीतर 11 करोड़ से अधिक मूल्य की ड्रग्स और शराब जब्त की गई है। ये जानकारी देते हुए राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव राहुल गोयल ने बताया कि आचार संहिता लागू होने के बाद से प्रदेश में पुलिस–प्रशासन और आबकारी विभाग की टीमें लगातार चेकिंग अभियान चला रही हैं। उन्होंने कहा कि आगे भी इस तरह की कार्रवाई प्रभावी रूप से की जाएगी।

वॉलीबॉल प्रतियोगिता
पिथौरागढ़ के स्पोर्ट्स स्टेडियम में आज से स्पेशल कंपोनेंट प्लान और ट्राईबल सब प्लान के अंतर्गत राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता शुरू हो गई है। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों की अनुसूचित जनजाति वर्ग की 10 टीमें और अनुसूचित जाति वर्ग की 8 टीमें हिस्सा ले रही हैं। जिला क्रीड़ा अधिकारी अनूप बिष्ट ने बताया कि लीग–कम–नॉकआउट आधार पर खेली जा रही इस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल और फाइनल मैच 17 जनवरी को खेले जाएंगे।

ड्रोन दवाइयां
हरिद्वार के जिला कारागार रोशनाबाद में हेपेटाइटिस–सी से पीड़ित कैदियों के लिए एम्स ऋषिकेश से ड्रोन के जरिये 23 मिनट में दवाइयां पहुंचाई गईं। जेल प्रशासन के अनुसार पिछले माह कुछ कैदियों के सैंपल लेकर जांच के लिए एम्स ऋषिकेश में भेजे गए थे। जांच में 10 कैदियों में हेपेटाइटिस सी की पुष्टि हुई थी। इसके बाद एम्स के विशेषज्ञों ने दवाइयां शुरू करने की सलाह दी थी।

दुर्घटना मृत्यु

प्रदेश में दो अलग–अलग सड़क दुर्घटनाओं में चार लोगों की मृत्यु हो गई। पौड़ी जिले के धूमाकोट क्षेत्र में आज एक वाहन के खाई में गिर जाने से 2 लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि एक अन्य घायल व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया। है। उधर, नैनीताल में दो वाहनों की टक्कर में दो युवकों की मृत्यु हो गई।

बायो टॉयलेट
चमोली जिले में रूद्रनाथ यात्रा मार्ग पर तीर्थयात्रियों को बेहतर सुविधा देने के लिए डीआरडीओ के ग्रीन हाई टैक प्रीफैब्रिकेटेड बायो टॉयलेट लगाए जाएंगे। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने नई तकनीकी के बायो–डाइजेस्टर टॉयलेट लगाने के लिए केदारनाथ वन प्रभाग को 30 लाख रुपए की धनराशि अवमुक्त कर दी है। आगामी यात्रा सीजन से पहले रूद्रनाथ यात्रा मार्ग पर 10 बायो–डाइजेस्टर टॉयलेट स्थापित किए जाएंगे। इनमें रुद्रनाथ व ल्वींठी में चार–चार और मौली खर्क में दो बायो–डाइजेस्टर टॉयलेट लगाए जाएंगे।

सड़क सुरक्षा समिति बठैक
रुद्रप्रयाग जिले में सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए जिलाधिकारी सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को तेज रफ्तार और ओवर लोडिंग करने वाले वाहनों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने यातायात नियमों के बारे में आम जनमानस को जागरूक करने पर जोर दिया।